आकाशवाणी जयपुर-अजमेर

प्रादेशिक समाचार

दिनांक: 08.11.2026 समय: 18:30 पीएम

- समूचे प्रदेश में दीपावली का उल्लास-माता लक्ष्मी का आह्वान कर सुख-समृद्धि और सौभाग्य की मंगल कामना की जा रही है।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने छत्तीसगढ़ के बस्तर में सुरक्षाबलों के साथ दीपावली मनाई, कहा-आज देश का हर ज़िला नक्सल मुक्त।
- अंतर्राष्ट्रीय पुष्कर मेले की शुरूआत 10 नवम्बर से-मुख्य स्नान और महाआरती कार्तिक पूर्णिमा के दिन।
- सिरोही, सीकर सहित राज्य के कुछ हिस्सों में हल्की ठंड का असर-बाड़मेर, जैसलमेर में दिन के समय तेज़ गर्मी बरकरार।

000

समूचे प्रदेश में दीपावली के उल्लास की विशेष रंगत है। मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्रीराम के अयोध्या आगमन की खुशी में ये पर्व मनाया जाता है। □से माता लक्ष्मी के पूजन का प्रतीक पर्व भी कहा जाता है। □स पावन अवसर पर घरों, दुकानों और व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में शुभ मुहुर्त पर लक्ष्मी गणेश पूजन कर सुख-समृद्धि और सौभाग्य की मंगल कामना की जा रही है। साथ ही आस्था के दीप जलाकर अंधकार से मुक्ति और उजास की प्रार्थना की जा रही है। चैराहों, और सार्वजनिक स्थानों पर भी दीपदान किया जा रहा है।

बच्चों से लेकर बड़ों में प्रकाश पर्व दीपावली की उमंग है। मिठा□यों और तरह-तरह के व्यंजनों के अलावा आतिशबाजी और पटाखे चलाकर □स महावर्प का आनंद लिया जा रहा है। लोग एक-दूसरे को एसएमएस, व्हाट्सएप और डिजिटल माध्यमों से □स अनुपम पर्व की शुभकामनाएं दे रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में कई तरह की लोक परम्पराओं का सामूहिक उल्लास देखा जा रहा है। वहीं कई स्थानों पर स्थानीय नागरिक और देशी-विदेशी सैलानी बाजारों की सजावट और रोशनी को निहार रहे हैं। रेगिस्तानी जिले भी रोशनी की सुनहरी आभा से जगमग हैं। हमारे बाड़मेर संवाददाता ने बताया कि भारत-पाक अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर बीएसएफ चैकियों पर सजाई गईं दीपमालाएं सरहद को रोशन कर रही हैं।

प्रकाश पर्व दीपावली पर मंदिरों में धार्मिक आयोजन हो रहे हैं। वहीं विभिन्न सामाजिक संगठनों की ओर से जरूरतमंदों को दान पूण्य किया जा रहा है।

राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल और कई सामाजिक संगठलों की ओर से ईको-फ्रेंडली दिवाली मनाने की अपील की गई है। मिट्टी के दीये काम में लेने, सिंगल यूज़ प्लास्टिक से बचने और हरित पटाखों का उपयोग करने का आग्रह किया गया है। समूचा प्रदेश, जहां दीपोत्सव का आनंद ले रहा है, वहीं राजस्थान पुलिस के जवान लोगों की सुरक्षा में जुटे हैं। सड़कों तथा चैराहों पर मुस्तैदी से पहरा दे रहे हैं।

□स बार तिथि वृद्धि के कारण छह दिवसीय दीपोत्सव मनाया जा रहा है। □सी श्रृंखला में मंगलवार को गोवर्धन पूजा और अन्नकूट के आयोजन होंगे। वहीं 11 नवम्बर को भाईदूज पर्व मनाया जाएगा।

□स बीच, भगवान महावीर स्वामी का मोक्ष कल्याणक पर्व कल मनाया जाएगा। जैन धर्मावलंबी निर्वाण लड्डू भगवान को अर्पित करेंगे।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने □स साल की दीपावली को विशेष बताया है। उन्होंने आज छत्तीसगढ़ के बस्तर में सुरक्षा कर्मियों के साथ दीपावली मनाई। □स दौरान श्री मोदी ने कहा कि देश नक्सलवाद और माओवादी आतंक के खिलाफ दशकों पुरानी लड़ाई जीत चुका है। आज देश का हर जिला नक्सलवाद से मुक्त है। □सका श्रेय सेना के लाखों वीर जवानों को है। प्रधानमंत्री ने सीआरपीएफ, कोबरा बटालियन, सीमा सुरक्षा बल, भारत-तिब्बत सीमा पुलिस, सशस्त्र सीमा बल, भारतीय रिजर्व बटालियन, राज्य पुलिस बलों और बस्तर में तैनात महिला कमांडो सहित विशेष बलों का आभार जताया। प्रधानमंत्री ने कहा कि जब राष्ट्र प्रथम की भावना से काम किया जाता है, तो देश की सुरक्षा सुनिश्चित होती है।

प्रधानमंत्री श्री मोदी पिछले 12 वर्षों से दीपावली का पर्व सुरक्षाकर्मियों के साथ मना रहे हैं। उन्होंने जैसलमेर सहित सियाचिन, कारगिल, राजौरी, लोंगेवाला, लेपचा, हर्षिल और कई अन्य महत्वपूर्ण सैन्य तथा सीमावर्ती क्षेत्रों में, जवानों के साथ दिवाली मनाई।

वहीं रक्षामंत्री राजनाथ सिंह आज सिक्किम में नाथुला के पास शेराथांग युद्ध-स्मारक पहुंचे। सैनिकों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आम लोगों का सेना में अटूट विश्वास है। सेना की बदौलत ही वे सुरक्षित महसूस करते हैं।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने दीपावली पर्व पर प्रदेशवासियों से शांति और सद्भाव बढ़ाने का संकल्प लेने का आह्वान किया है। अपने वीडियो संदेश में श्री शर्मा ने नई ऊर्जा का संचार करने वाले □स पर्व पर हर घर आंगन के प्रकाश से आलोकित रहने की कामना की है।

000

दीपावली पर आज घरेलू शेयर बाजार एक घंटे के विशेष मुहूर्त कारोबार के लिए खोला गया। □स दौरान दोपहर 2 बजकर 20 मिनट से साढ़े तीन बजे तक कारोबार हुआ। यह विशेष कारोबारी सत्र नए हिंदू वित्त वर्ष विक्रम संवत 2083 की शुरुआत का भी प्रतीक है।

000

अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त पुष्कर मेला 10 नवम्बर से शुरू होने जा रहा है। 26 नवम्बर तक चलने वाले □स मेले के दौरान पहले पशु मेला होगा, जिसमें पशुओं की खरीद-फरोख्त

और विभिन्न प्रतियोगिताएं होंगी। हमारी अजमेर संवाददाता ने बताया कि मुख्य सांस्कृतिक उत्सव 17 नवम्बर से शुरू होगा, वहीं 24 नवम्बर को कार्तिक पूर्णिमा के दिन मुख्य स्नान और महाआरती होगी।

000

बहरोड़ विधानसभा क्षेत्र से भाजपा नेता और पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. जसवंत यादव का आज जयपुर में निधन हो गया। वे 73 वर्ष के थे और काफी समय से कैंसर से पीड़ित थे। उनके बेटे मोहित यादव ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए श्री यादव के निधन की जानकारी दी। उनका अंतिम संस्कार कल दोपहर खैरथल-तिजारा के उनके पैतृक गांव सिलपाटा में किया जाएगा। डॉ. यादव का राजनीतिक जीवन चार दशक से भी अधिक लम्बा रहा। वे चार बार विधायक रहे। डॉ. यादव वर्ष 2016 से 2018 तक राज्य सरकार में कैबिनेट मंत्री रहे। राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी और पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत सहित कई नेताओं ने डॉ. यादव के निधन पर शोक व्यक्त किया है।

000

प्रदेश में पंचायतीराज संस्थाओं आम चुनाव के चौथे चरण के तहत जिला परिषद् और पंचायत समिति सदस्यों के लिए मतदान 14 नवम्बर को होगा। □नके चुनाव के लिए सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक वोट डाले जाएंगे। □स चरण के लिए मतदान दलों की रवानगी 13 नवम्बर को होगी। वहीं पंच और सरपंच पदों के लिए नामांकन की प्रक्रिया 15 नवम्बर को होगी। पंच और सरपंच पदों के लिए 16 नवम्बर को वोट डाले जाएंगे। मतदान समाप्ति के तुरंत बाद ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर मतगणना की जाएगी और उसी दिन नतीजे जारी होंगे। □सके बाद 17 नवम्बर को उप सरपंचों का चुनाव होगा। जिला परिषद् और पंचायत समिति सदस्यों के लिए जिला मुख्यालयों पर 20 नवम्बर को मतगणना होगी। □सके पश्चात् 25 से 28 नवम्बर के दौरान जिला प्रमुख, उप जिला प्रमुख, प्रधान और उप प्रधान के लिए चुनाव होगा।

000

राज्य में मौसम साफ और शुष्क बना हुआ है। सिरोही, सीकर, उदयपुर, चित्तौड़गढ़ सहित कई □लाकों में रात के तापमान में गिरावट के कारण हल्की ठंड का असर जारी है। सिरोही के आबूराज में रात का पारा 12 डिग्री के आस-पास दर्ज किया गया। हालांकि बाड़मेर, जोधपुर, जैसलमेर सहित कुछ अन्य जिलों में दिन के समय तेज गर्मी का असर बरकरार है। बीते 24 घंटों में बाड़मेर में दिन का पारा सबसे अधिक 37 दशमलव 6 डिग्री सेल्सियस मापा गया। मौसम विभाग के अनुसार अगले तीन-चार दिनों तक तापमान में किसी खास बदलाव के आसार नहीं हैं। वहीं 10 नवम्बर के आस-पास एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय सकता है। □सके गुजरने के बाद उत्तर-पश्चिमी हवाओं का प्रभाव बढ़ने से तापमान में और कमी आने की संभावना है। □ससे प्रदेश में सर्दी का असर धीरे-धीरे बढ़ने की उम्मीद है।

000